RNI No.-UPHIN2016/70155

KD NEWS आज कल तक

के.डी.न्यूज

हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष–04 अंक–01 सुलतानपुर, 07 मई 2019 पृष्ठ : 08 मूल्य : 3.00 रुपये

घुसपैठियों को देश से निकालने के प्रयास में राहुल गांधी बाधक बने : अमित शाह

बेतिया। राष्ट्रीय सुरक्षा को अपनी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने सोमवार को आरोप लगाया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के तहत देश से घुसपैठियों को निकालने की तैयारी की तो राहुल गांधी मैदान में आ गये कि इन्हें मत निकालो। बिहार के बेतिया एवं पूर्वी चंपारण में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''भाजपा कहती है कि कश्मीर से धारा 370 हटाओ और राहुल बाबा कहते हैं कि देशद्रोह की धारा हटाओ। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा, लालू–राबड़ी को जो कहना हो कहें, नरेंद्र मोदी के शासन में जो भारत माता के टुकड़े करने की बात करेगा, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी। अमित शाह ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के तहत देश से घुसपैठियों को निकालने की तैयारी की तो राहुल गांधी मैदान में आ गये कि इन्हें मत निकालो। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि राहुल बाबा सुन लें, ये आपके वोट बैंक का सवाल हो सकता है, हमारे लिए ये देश की सुरक्षा का सवाल है। उन्होंने कहा कि बालाकोट में एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, लेकिन दो जगह मातम छा गया, एक पाकिस्तान में और दूसरा राहुल बाबा और लालू प्रसाद के कार्यालय में। जब पाकिस्तान के आतंकियों को मारा गया तो इनके चहरे का नूर क्यों उड़ गया? शाह ने कहा, ''बालाकोट में एयर स्ट्राइक के बाद राहुल बाबा एंड कंपनी सबूत मांगने लगी। इनमें अगर थोड़ी भी अक्ल होती तो पाकिस्तान का टीवी चौनल खोलकर देख लेते, वहां के लोगों का रोना सुनकर इन्हें सबूत खुद मिल जाता।'' भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''55 साल तक देश में राहुल बाबा के परिवार ने शासन किया। 15 साल तक लालू–राबड़ी ने बिहार में शासन किया, लेकिन बिहार के विकास के लिए इन लोगों ने कुछ नहीं किया।''

भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अब ये फिर से बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं। शाह ने कहा कि देश में मोदी– मोदी नारे का कारण है कि, 70 साल से जनता ऐसे नेता की राह देख रही थी, जो अपने और अपने परिवार के लिए नहीं, देश के लिए अपना जीवन लगा दे। जनता को नरेंद्र मोदी के रूप में वह नेता मिला है। उन्होंने कहा कि आज एक ओर बिना छुट्टी लिए 24 घंटे में से 18 घंटे काम करने वाले नेता नरेंद्र मोदी हैं, तो दूसरी ओर थोड़ी सी गर्मी बढ़ने पर छुट्टी पर चले जाने वाले राहुल गांधी हैं। ये लोग क्या देश का विकास करेंगे। शाह ने कहा कि हमारे प्रत्याशी राधा मोहन सिंह का पूरा जीवन पार्टी को समर्पित रहा है। वह देश के कृषि मंत्री हैं, कद्दावर नेता हैं। उनके नेतृत्व में कृषि क्षेत्र का जीडीपी सुधरा है। बेतिया के सांसद संजय जायसवाल ने भी विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है।

जिला संवाददाता/संवाददाता की सूची

सुलतानपुर– इम्तियाज खान
फैजाबाद– राजेश कुमार मिश्र,
बाराबंकी– सैफ मुख्तार,
फतेहपुर– ....
बिजनौर– ....
गोंडा– ....
हरदोई– ....
रायबरेली – देवी प्रकाश
प्रयागराज– ....
अमेठी – चंदन दूबे

आवश्यकता है

के.डी.न्यूज समाचार पत्र/पोर्टल हेतु ब्लाक संवाददाता, व तहसील संवाददाता की आवश्यकता है।

–सम्पादक
के.डी.न्यूज
मो. 9415739288, 9721748962

मोदी को मिलेगा दूसरा कार्यकाल, लखनऊमें मेरे लिए कोई चुनौती नहीं : राजनाथ

लखनऊ। केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि 23 मई से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपना नया कार्यकाल शुरू करेंगे। सिंह ने सोमवार को यहां मतदान के बाद पत्रकारों से कहा कि मोदी 23 मई को देश के प्रधानमंत्री के रूप में अपना नया कार्यकाल शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि लखनऊ निर्वाचन सीट पर उन्हें महागठबंधन से कोई चुनौती नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि मैं गठबंधन उम्मीदवार पूनम सिन्हा पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, क्योंकि मेरा मानना है कि चुनाव व्यक्तियों के बारे में नहीं बल्कि मुद्दों के बारे में हैं। भाजपा विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। सिंह ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो विकास के अलावा देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा पर आवश्यक ध्यान दे सकती है। हालांकि उन्होंने लखनऊ के मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की ताकि यह निर्वाचन क्षेत्र इस बार रिकॉर्ड बनाकर फस्ट ʻडिवीजन से पास हो सके। लखनऊ में वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुआ था। केंद्रीय गृह मंत्री लखनऊ सीट से दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इससे पहले उन्होंने 2014 में इस सीट से चुनाव लड़ा। सिंह 4 दशकों से राजनेता हैं। 1975 में उन्हें जनसंघ का जिला अध्यक्ष बनाया गया। वे 1977 में विधायक बने और 1994 में राज्यसभा में सांसद बने। 2003 और 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में वे कृषि मंत्री रहे। 2013 और 1014 से अमित शाह से पहले वह भाजपा के अध्यक्ष भी रहे। वह 2000 से 2004 के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। 2009 में उन्होंने गाजियाबाद लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि उन्होंने लखनऊ के मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की।



मायावती ने कहा– कांग्रेस और भाजपा की गलत नीतियों के कारण देश बर्बादी के मुहाने पर

बस्ती। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि दोनों पार्टी की गलत नीतियों के कारण देश बर्बादी के मुहाने पर खड़ा है। शहर के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में सपा–बसपा गठबंधन की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और अधिकांश राज्यों में सरकार रही लेकिन गरीबी और किसान और मेहनतकश तबाह होते को उनके कानूनी अधिकार अब तक की तलाश में महानगरों की ओर भागना कांग्रेस के बाद केंद्र की सत्ता में आयी पूर्ववर्ती के पद–चिह्नों पर चलती रही जातिवादी तत्वों को बढ़ावा मिला। उन्होंने लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी की बेरोजगारी खत्म नहीं हुई। बल्कि, चले गये। उन्होंने कहा कि दलितों नहीं मिले हैं। मेहनतकशों को रोजगार पड़ रहा है। मायावती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी जिससे आरएसएस वादी, पूंजीवादी और कहा कि नाटकबाजी और जुमलेबाजी के चलते भाजपा सरकार मौजूदा चुनाव में केंद्र की सत्ता से बेदखल हो जायेगी। बसपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान किये गये वादों में से एक चौथाई भी पूरे नहीं किये हैं। प्रधानमंत्री द्वारा पूंजीपतियों की चौकीदारी से किसान परेशान हैं, भाजपा की जातिवादी, पूंजीवादी और संप्रदाय वादी नीतियों से दलितों पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का भला नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया।

सम्पादकीय

फेक न्यूज के दौर में विश्वसनीय हैं अखबार

इन दिनों सोशल मीडिया पर फेक न्यूज की भरमार है। यह भेद कर पाना बेहद कठिन है कि कौन–सी खबर सच है, कौन–सी खबर फर्जी है। व्हाट्सएप के दौर में सुबह से शाम तक खबरों का आदान प्रदान होता है और पता ही नहीं चलता कि कितनी तेजी से फेक न्यूज के आप शिकार हो गये और आपने उसे आगे बढ़ा कर कितने और लोगों को प्रभावित कर दिया। एक और मुश्किल है कि इसके स्रोत का पता ही नहीं चलता है। यह फॉरवर्ड होती हुई आप तक पहुंचती है। फेक न्यूज की समस्या इसलिए भी बढ़ती जा रही है कि देश में इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चुनावी मौसम में तो इनकी बाढ़ आ गयी है। अभी भारत की 27 फीसदी आबादी यानी लगभग 35 करोड़ से अधिक लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले लोग भारत में हैं। हाल में ऐसी कई खबरें आयीं हैं, जब लोगों को गुमराह करने वाली खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गयीं। हाल में फेसबुक, ट्विटर और वॉट्सएप पर हेमामालिनी की दो तस्वीरें वायरल हुई थीं। एक में वह हेलीकॉप्टर से उतरती हुई दिख रही हैं और दूसरी में खेत में गेहूं की फसल काट रही हैं। दोनों तस्वीरों के साथ वायरल था कि श्मोदी जी पर गर्व है। महिला किसानों को हेलीकॉप्टर दिये जा रहे हैं, जिससे वे खेत तक पहुंच रही हैं। पड़ताल में पाया गया कि ये दोनों तस्वीरें इस साल की नहीं हैं। हेलीकॉप्टर वाली तस्वीर 2015 की है और दूसरी तस्वीर 2014 की। दोनों तस्वीरों को मिला कर फेक तस्वीर तैयार की गयी। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति कांग्रेस और राहुल गांधी की कड़ी आलोचना करता दिखाई दे रहा है। दावा किया जा रहा है कि व्यक्ति वाराणसी संसदीय क्षेत्र से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय हैं, जबकि यह सही नहीं है। पड़ताल में पता चला कि यह वीडियो भोपाल के कारोबारी अनिल बूलचंदानी का है।कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया में एक और खबर जोर–शोर से चली थी कि अगर कोई वोट नहीं डालेगा, तो उसके बैंक अकाउंट से 350 रुपये कट जायेंगे। प्रमाण के रूप में अखबार की एक फेक न्यूज नत्थी कर दी गयी थी। इस फेक न्यूज ने अनेक लोगों को विचलित कर दिया। बाद में स्पष्टीकरण आया कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। सोशल मीडिया पर पिछले दिनों एक और पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें कहा जा रहा था कि पहली जून से सभी बैंक हर शनिवार को बंद रहेंगे।दावा किया जा रहा था कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सभी बैंकों को सिर्फ पांच दिन काम करने की मंजूरी दे दी है। बैंकों के कामकाज का समय सोमवार से शुक्रवार तक समय सुबह 9।30 बजे से शाम 5:30 बजे तक रहेगा। इस फेक न्यूज को एक न्यूज चौनल की ब्रेकिंग न्यूज के रूप में पेश किया गया था। बाद में आरबीआइ को इसका खंडन करना पड़ा। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिनमें फेक न्यूज को तथ्यों के आवरण के साथ लपेट कर पेश किया गया, ताकि आम व्यक्ति उस पर भरोसा कर ले। इनके अलावा ऐसी भी खबरें फैलायी जाती रही हैं, जिनसे जातिगत और धार्मिक वैमनस्यता फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसी कई घटनाएं हैं, जिनमें सोशल मीडिया की खबर ने इलाके में तनाव फैला दिया है। दरअसल, भारत सोशल मीडिया कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार है। विभिन्न स्रोतों से मिले आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में व्हाट्सएप के एक अरब से अधिक सक्रिय यूजर्स हैं। इनमें से 16 करोड़ भारत में ही हैं। फेसबुक इस्तेमाल करने वाले भारतीयों की संख्या लगभग 15 करोड़ है और ट्विटर अकाउंट्स की संख्या 2 करोड़ से ऊपर है। लगभग 40 करोड़ भारतीय आज इंटरनेट सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। हमें करना यह चाहिए कि कोई भी सनसनीखेज खबर की एक बार जांच अवश्य करें। मैं जानता हूं कि यह करना आसान नहीं है। इससे कैसे निबटा जाए, यह अपने आप में बड़ी चुनौती है।दूसरी ओर अखबारों की ओर नजर दौड़ाएं। आज भी ये सूचनाओं के सबसे विश्वसनीय स्रोत हैं। अखबार अपनी छपी खबर से पीछे नहीं हट सकता है। अखबार की खबरें काफी जांच पड़ताल के बाद प्रकाशित की जाती हैं। अखबारों के खिलाफ एकतरफा फैसला सुनाने वाले आपको बहुत–से लोग मिल जायेंगे, लेकिन यह भी जानना जरूरी है कि पत्रकार कितनी कठिन परिस्थितियों में अपने काम को अंजाम देते हैं। कुछ समय पहले श्रीनगर में राइजिंग कश्मीर के संपादक शुजात बुखारी की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। त्रिपुरा में पिछले साल दो पत्रकारों की हत्या कर दी गयी थी। बेंगलुरु में गोरी लंकेश की हत्या तो चर्चित रही ही है। मप्र के भिंड इलाके में रेत माफिया और पुलिस का गठजोड़ उजागर करने पर एक पत्रकार को ट्रक से कुचल कर मार दिया गया था। यह कोई दबा–छुपा तथ्य नहीं है कि मीडियाकर्मियों को कई तरह के दबावों का सामना करना पड़ता है। इसमें राजनीतिक और सामाजिक, दोनों दबाव शामिल हैं।

यह हैं स्वयंभू राष्ट्रवादियों के असली चेहरे

अंकित ''राधे''

सोशल मीडिया पर पिछले दिनों एक वीडियो देखने का मौका मिला। राष्ट्रीय विचार मंच बड़ोदरा के बैनर तले आयोजित एक गोष्ठी में धुर दक्षिणपंथी विचारधारा रखने वाले एक वक्ता अपने भावनात्मक लहजे में उपस्थित लोगों को यह समझा रहे थे कि मुसलमानों को मंत्री बनाना या कोई दूसरा महत्वपूर्ण पद देना कितना खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने अपने तर्क के पक्ष में मुफ्ती मोहम्मद सईद के गृहमंत्री होने के दौर की वह घटना सुनाई कि किसी प्रकार उनके गृहमंत्री बनते ही उनकी बेटी डॉ. रूबिया सईद का अपहरण कश्मीरी आतंकवादियों द्वारा किया गया और किस प्रकार उनकी बेटी की रिहाई के बदले में कई आतंकियों को छोड़ा गया। वक्ता महोदया ने सैफुद्दीन सोज तथा गुलाम नबी आजाद के परिवार के कुछ लोगों के अपहरण की कुछ कहानियां भी सुनाईं। कुल मिलाकर उपस्थित जनसमूह को वह यही समझाना चाह रहे थे कि उपरोक्त नेताओं ने आतंकवादियों के साथ मिलीभगत से अपने–अपने परिवार के लोगों का जानबूझ कर अपहरण करवाया तथा इसके बदले में अनेक आतंकवादियों की रिहाई का मार्ग प्रशस्त हुआ। यही वक्ता महोदय उपस्थित जनसमूह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश में अवतार के रूप में प्राप्त हुआ एक दूरदृष्टि रखने वाला योग्य तथा देश का उज्ज्वल भविष्य संवारने वाला नेता भी बता रहे थे और उनके प्रति न केवल जनसमर्थन बल्कि पूरा भावपूर्ण समर्पण भी मांग रहे थे। देश ने मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुत्री डॉ. रूबिया सईद के अपहरण की कहानी तो जरूर सुनी होगी परंतु यह बात हरगिज नहीं सुनी होगी कि भारत के गृहमंत्री ने स्वयं ही अपनी बेटी का अपहरण आतंकियों से मिलीभगत के साथ करवाया था। पूरे देश में इस समय दक्षिणपंथी विचारधारा के लोगों द्वारा अपनी पूरी ताकत के साथ मुसलमानों के विरुद्ध नफरत फैलाने का एक सुनियोजित षड़यंत्र रचा जा रहा है। किसी भी तरह से उन्हें देश विरोधी तथा आतंकवाद का समर्थक या पाकपरस्त साबित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार की मनगढंत व काल्पनिक कहानियां गढ़ने वालों को मुफ्ती मोहम्मद सईद के रूप में एक कथित 'गद्दार गृहमंत्री' तो दिखाई देता है परंतु इन्हें देश को स्वतंत्रता दिलाने हेतु अशफाक उल्ला खां का फांसी पर चढ़ना नजर नहीं आता। इन स्वयंभू राष्ट्रवादियों को परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का बलिदान दिखाई नहीं देता। देश की सैन्य रक्षा प्रणाली को अग्रिम पंक्ति में ले जाकर खड़ा करने वाला मिसाईलमैन एपीजे अब्दुल कलाम दिखाई नहीं देता। अंग्रेजों की खुशामदपरस्ती करने वालों को मालूम होना चाहिए कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में 2–4–10 नहीं बल्कि हजारों मुसलमानों ने हिंदुओं व सिखों के साथ मिलकर अंग्रेजों के विरुद्ध अपनी जान की बाजियां लगाई हैं। इतिहास इन कुर्बानियों की अनदेखी नहीं कर सकता। जिस कौम को गद्दार तथा देशद्रोही साबित करने की कोशिश दक्षिणपंथियों द्वारा की जा रही है उस कौम से संबंध रखने वाले सैकड़ों शहीदों के नाम इंडिया गेट के पत्थरों पर दर्ज हैं।

संघी मानसिकता के उक्त विचारक की बात सुनकर एक सवाल यह पैदा होता है कि जब मुसलमान कौम भरोसे के लायक नहीं और खासतौर पर मुफ्ती मोहम्मद सईद देश के 'गद्दार व आतंकी समर्थक' गृहमंत्री थे फिर आिखर उसी मुफ्ती मोहम्मद सईद व उसकी बेटी महबूबा मुफ्ती के साथ जम्मू–कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरकार बनाए जाने का आिखर क्या औचित्य था? क्या वजह थी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रवक्ता तथा भाजपा के वर्तमान महासचिव राम माधव ने मुफ्ती जैसे उस 'गद्दार परिवार' के साथ मिलकर जम्मू–कश्मीर में भाजपा व पीडीपी की संयुक्त सरकार बनाई जो अफजल गुरु को शहीद मानता आ रहा है? कहने को तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुसलमानों के सशक्तिकरण की बात भी करते हैं। यह भी सुना जा चुका है कि वह मुसलमानों के एक हाथ में कुरान तथा दूसरे हाथ में कंप्यूटर देखना चाहते हैं परंतु मुस्लिम सशक्तिकरण के उनके दावे का एक दूसरा पहलू यह भी है कि उनकी पार्टी ने गुजरात में किसी भी मुस्लिम को अपनी पार्टी का उम्मीदवार न बनाए जाने का जो प्रयोग किया था उसे अब वे राष्ट्रीय स्तर पर भी लागू कर चुके हैं। यहां तक कि इस चुनाव में उनके दो चिरपरिचित मुस्लिम चेहरे शाहनवाज हुसैन तथा मुख्तार अब्बास नकवी भी नदारद हो चुके हैं। ठीक इसके विपरीत जिन राष्ट्रवादियों पर यह दक्षिणपंथी शक्तियां अपना विश्वास जता रही हैं तथा जिन चेहरों में इनको वास्तविक राष्ट्रवाद दिखाई दे रहा है उनमें इस चुनाव में अवतरित हुई साध्वी प्रज्ञा ठाकुर भी हैं। इन्हें योगी आदित्यनाथ का 'एडवांस वर्जन' भी कहा जा सकता है। साध्वी के तेवरों तथा इनकी दिव्य शक्ति का अंदाजा आतंकवाद–विरोधी दस्ते के प्रमुख रहे आईपीएस अधिकारी शहीद हेमंत करकरे के बारे में दिए गए उस बयान से भी लगाया जा सकता है जिसमें उसने करकरे को कुटिल तथा देशद्रोही बताया था। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि मैंने हेमंत करकरे से कहा था कि तेरा सर्वनाश होगा। उसका दावा है कि उसके श्राप दिए जाने की वजह से ही आतंकवादियों ने हेमंत करकरे को मार डाला। साध्वी प्रज्ञा द्वारा दिया गया यह बयान कितना राष्ट्रवादी बयान था इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके इस गैर जिम्मेदाराना एवं अपमानजनक बयान के बाद देश की आईपीएस एसोसिएशन ने इस कथित साध्वी के बयान की घोर भर्त्सना की। एसोसिएशन ने कहा कि–अशोक चक्र हासिल करने वाले दिवंगत पुलिस कर्मी हेमंत करकरे ने आतंकवादियों से लड़ते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। हम सभी पुलिसकर्मी एक नेता (साध्वी प्रज्ञा) द्वारा उनके बलिदान का अपमान करने वाले बयान की निंदा करते हैं। एसोसिएशन ने कहा कि शहादत का हर हाल में सम्मान किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं बल्कि चुनाव आयोग सहित पूरे देश में प्रज्ञा ठाकुर के इस बयान की घोर निंदा की गई। आिखरकार उसे अपना बयान यह कहते हुए वापस लेना पड़ा कि यह मेरा निजी बयान था मैं इसे वापस लेती हूं और माफी मांगती हूं। प्रज्ञा ठाकुर का यह बयान अनायास ही दिया गया बयान नहीं था बल्कि दक्षिणपंथियों द्वार हेमंत करकरे की शहादत से लेकर अब तक गुपचुप तरीके से पूरे देश में यही प्रचारित किया जा रहा था जो साध्वी प्रज्ञा द्वारा साफ शब्दों में कहा भी गया। परंतु जब भारतीय जनता पार्टी ने साध्वी के बयान से अपनी भारी फजीहत होते हुए देखी तो पार्टी ने बंद कमरे में बिठाकर साध्वी को न केवल अपना बयान वापस लेने के लिए बाध्य किया बल्कि भविष्य के लिए भी यही समझाया कि वह हिरासत के दौरान अपने ऊपर किए गए कथित जुल्मों व सिख्तयों की दास्तान तो जनता को जरूर सुनाए परंतु हेमंत करकरे की शहादत पर सवाल सार्वजनिक रूप से न खड़ा करे। साध्वी का आरोप व उसकी माफी जैसी औपचारिकताएं तो अपनी जगह हैं परंतु उसके इस बयान ने निश्चित रूप से दक्षिणपंथी विचारधारा रखने वाले लोगों की वास्तविकता से पर्दा जरूर हटा दिया है। हेमंत करकरे को श्राप देने के बयान से करकरे के परिवार सहित पूरे देश के हजारों शहीद परिवारों के दिलों पर क्या गुजरी होगी यह इन स्वयंभू राष्ट्रवादियों के बयानों तथा विचारों से साफ जाहिर होता है। रही–सही कसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध पर्चा दाखिल करने वाले तेज बहादुर यादव ने पूरी कर दी। आज भले ही तेज बहादुर यादव का पर्चा किन्हीं तकनीकी कारणों से निरस्त क्यों न कर दिया गया हो परंतु वाराणसी की लोकसभा सीट पर नरेंद्र मोदी के विरुद्ध प्रचार करने वाले हजारों पूर्व सैनिक इन दक्षिणपंथियों के कथित राष्ट्रवाद के असली चेहरे को बेनकाब करते जरूर दिखाई दे रहे हैं।

रोज खतरों से खेल नदी पार करते हैं नागरिक

सुलतानपुर। देश के स्वतंत्रता आंदोलन का गवाह बना गोमती नदी का बभनगंवा घाट आज तलक पुल न बन सका। अब भी लोग नाउम्मीद नहीं हुए हैं। इस घाट से रोजाना खतरा मोल लेकर सैकड़ों लोग नाव पर चढ़कर नदी पार कर गंतव्य की ओर जाते हैं। लागों की कठिनाइयों को देखकर चुनाव लड़ने आए प्रत्याशियों ने पुल बनवाने का भरोसा भी दिलाया। कुछ ने प्रयास भी किया, लेकिन समस्या से निजात नहीं मिल सकी। लोग विवश होकर प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर गोमती नदी के पार जाते हैं। सुलतानपुर–वाराणसी फोरलेन हाईवे पर स्थित कामतागंज बाजार से बभनगवां घाट को सड़क जाती है। मार्ग मदाफरपुर, चिलबिला के रास्ते प्रतापगढ व आयुबपुर–बरौंसा के रास्ते अंबेडकरनगर, अयोध्या को जोड़ता है। बभनगंवा घाट का इतिहास स्वतंत्रता आंदोलन से भी जुड़ा है। इसी घाट के बगल के गांव के स्वतंत्रता सेनानी चंद्रबली पाठक थे। गोमती नदी के किनारे बभनगंवा घाट पर ही बरगद के पेड़ के नीचे व प्राचीन शिव मंदिर पर स्वतंत्रता आंदोलन की रणनीति बना करती थी। जब इसकी भनक अंग्रेजो को लगती तो उनके सिपाही आंदोलनकारियों को पकड़ने के लिए पहुंचे उसके पहले ही लोग नदी पार कर अदृश्य हो जाते थे। आज भी जयसिहपुर व कादीपुर तहसील में तैनात अध्यापक, कर्मी प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में नाव के सहारे बाइक, साइकिल सहित सुबह शाम नदी पार कर आवागमन करते हैं।

बाध व्यवसाय के लघु उद्योग को भी जरूरी है पुल

सुलतानपुर जिले की मंडी में बभनगंवा क्षेत्र का बाध मशहूर है। गोमती नदी किनारे के बदरुद्दीनपुर, सलाहपुर ,बरुई, बभनगंवा, बेलामोहन, करोमी, सहित दर्जन भर गांवों में दिन रात जंगली घास व सरपत के मूंज से बाधा बनाते हैं। इस व्यवसाय से जुड़े लोग नाव पर सामान व बाध लादकर गैर जिलों में जाकर बेंचा करते हैं। ऐसे में अगर पुल बन जाय तो यह लघु उद्योग व बाध व्यवसाय को बढ़ावा मिल सकेगा।

पुल निर्माण हो तो बने बात

पांच साल पहले सांसद बने वरुण गांधी के लंभुआ प्रतिनिधि सुशील त्रिपाठी, पूर्व विधायक संतोष पांडेय व वर्तमान विधायक देवमणि द्विवेदी सब लोग बभनगंवा मे गोमती नदी पर पुल बनवाने को लिखापढ़ी किए, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सका। हर चुनाव में यह मुद्दा उठता है। पर, चुनाव बाद सब कुछ पुराने ढर्रे पर चला जाता है।

प्रदूषित पानी को किया जाएगा शुद्ध, गोमती होंगी निर्मल

सुलतानपुर। रेलवे विभाग में एनओसी देगी तो गोमती को निर्मल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ जाएगा। नालों के प्रदूषित पानी का प्राकृतिक ढंग से शोधित करने के लिए ऑक्सीकरण तालाब के निर्माण के लिए जिस जमीन को चिन्हित किया गया है उसका कुछ अंश रेलवे परिक्षेत्र में आ रहा है। सुलतानपुर–लखनऊ रेलखंड के निकट गभड़िया रेल पुल के नजदीक नालों के पानी को ऑक्सीकरण तालाब में एकत्र किया जाएगा। इसमें प्रदूषित पानी को शुद्ध करने के बाद गोमती में छोड़ा जाएगा। भूमि को रेलवे विभाग से मुक्त कराने के लिए जल निगम ने लिखा–पढ़ी की है। आदि गंगा गोमती को पूरे बहाव क्षेत्र में स्वच्छ करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण इकाई लखनऊ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीते अक्टूबर में सरकार ने सुलतानपुर क्षेत्र में प्रवाहित तकरीबन 72 किमी गोमती को निर्मल करने के लिए 68 करोड़ रुपये के बजट की घोषणा की। इस धनराशि से नदी को निर्मल करने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। गोमती को प्राथमिक स्तर पर प्रदूषण से बचाने के लिए ऑक्सीकरण तालाबों के निर्माण और नालों को प्राकृतिक ढंग से स्वच्छ करने के लिए पौधरोपण को प्राथमिकता दी है। नालों पर स्थापित एसटीपी क्षमता कम होने के चलते निष्क्रिय हैं। अब आबादी बढ़ने और नालों के किनारों तक रिहायशी क्षेत्र होने से यह पानी बेहद दूषित हो गया है और सीधे नदी में गिरता है। जल निगम ने गभड़िया नाला पर रेलपुल के उत्तरी छोर पर नाले का पानी इकट्ठा किया जाएगा। वहां उसे ऑक्सीकरण तालाब में रसायनिक प्रक्रिया से साफ किया जाएगा। तालाब की तलहटी का गंदगी एकत्रित कर ऊपरी बहाव के साथ नाले का पानी नदी में प्रवाहित होगा। जल निगम के अधिशासी अभियंता आरएस यादव ने कहा कि नियंत्रण इकाई से हरी झंडी मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बाइक शोरूम में घुसे चोर, नौ लाख कैश उड़ाए

सुलतानपुर। कस्बे की घनी आबादी वाले इलाके में मौजूद एक बाइक के शोरूम में सेंध लगाकर घुसे चोरों ने नौ लाख रुपये कैश पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार की सुबह शोरूम खोलने पहुंचे व्यापारी ने देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने फौरन ही वारदात की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंच कर फोरेंसिक टीम व पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव निवासी अमर बहादुर चतुर्वेदी की कस्बे में हीरो बाइक का शोरूम है। बीती रात चोर शोरूम के तीसरे तल पर मौजूद पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने दुकान में रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिए। पीड़ित व्यापारी अमर बहादुर के मुताबिक एजेंसी के कैश काउंटर से तीन लाख 81 हजार चार सौ, इंश्योरेंस काउंटर से 65 हजार व सर्विस काउंटर से चार लाख 56 हजार रुपये गायब हुए हैं। फॉरेंसिक टीम ने शोरूम से संभावित फिगर प्रिंट भी इकट्ठा किए हैं। थानाध्यक्ष श्याम सुंदर पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।

पूंजीपतियों की जेब से निकाल कर दूंगा 72 हजार : राहुल

सुलतानपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अमेठी सांसद राहुल गांधी ने आज यहां कहा कि मोदी से कोई सवाल करो तो वे भाग जाते हैं। केवल मीडिया ने उन्हें बबर शेर बनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि न्याय योजना के बारे में विरोधी सवाल उठाते हैं कि कहां से देंगे 72 हजार रुपए, तो मैं समझाना चाहता हूं कि उन्हीं पूंजीपतियों की जेब से निकाल कर दूंगा, जिनका करोड़ों रुपए मोदी ने माफ कर दिया। शनिवार की दोपहर सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र के अमहट हवाई पट्टी से उतरकर राहुल गांधी ने धम्मौर स्थित एक पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोला। कहा कि यह चुनाव न्याय और अन्याय के बीच हो रहा है। न्याय योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 72 हजार रुपए हर गरीब को तब तक देंगे, जब तक उसकी न्यूनतम आय 12 हजार रुपए के नीचे रहती है। यह रुपए मैं उन्हीं पूंजीपतियों की जेब से निकालूंगा, जिन्हें पीएम मोदी ने लाखों–कराड़ों रुपए दिए हैं। उन्होंने कहा कि मैं कहता हूं चौकीदार...बाकी जनता अपने आप बोलने लगती है। कहा कि लोकसभा में मोदी मेरे चार सवालों का जवाब नहीं दे पाए। उनके 56 इंच के सीने में जवाब देने का दम नहीं है। कोई भी व्यक्ति बिना डरे उनसे सवाल करे तो वे भाग जाते हैं। मोदी ने जो कहा, वह उन्होंने नहीं किया, दम हो तो यह बात जनता के सामने वे स्वीकार करें। अंत में राहुल ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. संजय सिंह को जितवाइए। लोकसभा में इनकी जरूरत है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र व प्रदेश प्रवक्ता दीपक सिंह भी मौजूद रहे।

किसान विरोधी है केन्द्र सरकार : प्रियंका

सुलतानपुर। जिले के बल्दीराय के सोराव गांव में प्रियंका गांधी द्वारा मोदी व योगी सरकार पर छुट्टा जानवरों को लेकर जबरदस्त हमला किया। कहा कि जहां एक तरफ किसान अपने खेतों में जानवरों की चौकीदारी कर रहे हैं वहीं सरकार गौशाला के नाम पर लीपापोती कर रही है। चुनाव के मौके पर कुछ दिन पहले कुछ एक गांव में गौशाला खुलवाने का नाटक सरकार द्वारा किया गया,जहां न तो जानवरों को बैठने की व्यवस्था और ना ही जानवरों के लिए चारे आदि की समुचित व्यवस्था है। प्रियंका गांधी सोरांव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. संजय सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहीं थी। केन्द्र सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि किसानों की बदहाली दूर करने के लिए सरकार ने कुछ भी नहीं किया। बेरोजगार युवक मारे मारे घूम रहे हैं। कांग्रेस सरकार आने पर किसानों को ढेर सारी सुविधाएं तथा बेरोजगार युवकों को साल में 2,40,000 नौकरियां देंगे। कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा जीएसटी लाने के कारण लाखों लोगों के रोजी–रोटी पर संकट आया, व्यापारियों की दुकानदारी चौपट हुई हैं। यदि देखा जाए तो सरकार ने राष्ट्रवाद के नाम पर किसानों को या भारत के नागरिकों के साथ धोखा किया है। राष्ट्रवाद के नाम पर जनता को भटकाने का काम सरकार कर रही है।

सांसद वरुण गांधी ने गांव पहुंचकर खुद बुझाई आग

सुलतानपुर। जिले के जयसिंहपुर क्षेत्र के दो गांवों में रविवार दोपहर को आग लगने की सूचना पर पहुंचे सांसद वरुण गांधी ने गांव वालों व फायर कर्मियों के साथ आग बुझाने के लिए खुद मोर्चा संभाल लिया। उन्हें आग लगने की सूचना मिली तो वे जनसभा छोड़ मौके के लिए रवाना हो गए। बाद में यहां डीएम व एसपी भी पहुंचे। आग से करीब 47 घरों की गृहस्थियां राख हो गई हैं। सांसद ने पीड़ितों को मदद दिलवाने का आश्वासन भी दिया। सुलतानपुर सांसद वरुण गांधी रविवार को अपनी मां व भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के चुनाव प्रचार के लिए जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में थे। यहां शुकुल दुलैचा गांव में वे जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पता चला कि यहां से आठ किलोमीटर दूर दूबेपुर व भीटी गांव में भीषण आग लग गई है। वरुण जनसभा से वहां के लिए रवाना हो गए। तब तक गांव वालों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पहुंच चुकी थी। वरुण ने दमकल का पाइप खुद अपने हाथों में लिया और गांव वालों की मदद से आग बुझाने में मदद की। उन्होंने मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी दिव्य प्रकाश गिरि से अग्निपीड़ितों को सहायता दिलाने के बारे में बात की।

भाजपा की जीत पर प्रदेश व देश होगा खुशहाल : मेनका गांधी

सुलतानपुर। सुलतानपुर लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने बालमपुर, ऊंचहरा, जुडास, पूरनपुर, मरछा,तमरसेपुर, मल्हीपुर, महरानी पश्चिम, चौकिया, डेवाढ़, अचलपुर, छापर में जनसभा के दौरान कहा कि देश की जनता का जीवन बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिनरात काम कर रहे हैं। मोदी ने जो विकास की गंगा बहाई अभी जरूरतमंदों को मिल सका है। अबकी बार सरकार बनने पर प्रदेश व देश की जनता शतप्रतिशत खुशहाल होगी। उधर सांसद वरुण गांधी ने अपनी मां मेनका के के लिए जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के मलिकपुर बखरा, मुड़हा, लामा, खैरहा, बढ़ौनाडीह, खरगूपुर,करमाजीतपुर में जनसभाएं कीं। उन्होंने इस दौरान कहा कि मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने पाक को जूते से कुचलने का काम किया है।

गठबन्धन के बहकावे में आना वाला नही हैं क्योंकि उनके नेताओं की नीति और नियत दोनो साफ नही हैं : इमरान प्रतापगढ़ी

बाराबंकी। यह चुनाव लोकसभा का नही देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का हैं, इसलिये गठबन्धन के बहकावे में आना वाला नही हैं क्योंकि उनके नेताओं की नीति और नियत दोनो साफ नही हैं। एक तानाशाह नरेन्द्र मोदी को लोकसभा के आखिरी भाषण में फिर से प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद देते हैं, तो दूसरी नेत्री जो लालजी टंडन और मुरली मनोहर जोशी को राखी बांधने वाली अपनी जरूरत पर अमित शाह के साथ साथ नरेन्द्र मोदी को भी राखी बांध सकती हैं इसलिये इनसे होशियार रहना होगा और अगर कही आपने ऐसा नही किया और आप बट गये तो यकीन मानिये कि हिन्दुस्तान हार जायेगा, हमें एक साथ मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के पक्ष में मतदान करना हैं। उक्त उद्गार कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक एवं मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी ने देर रात विकास खण्ड निन्दूरा के कुर्सी में प्रसिद्ध समाजसेवी फैज महमूद दुर्री द्वारा कुर्सी इटौंजा मार्ग पर अपनी निजी बाजार में आयोजित जनसभा में व्यक्त किये, उक्त अवसर पर समाजसेवी फैज महमूद दुर्री ने अपने हजारो हजार समर्थको के साथ राज्यसभा सासंद डॉ.पी.एल.पुनिया के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष दिनेश यादव और संचालन सै. अरशद अहमद ने किया। स्टार प्रचारक इमरान प्रतापगढ़ी ने समाजसेवी चौधरी फैज महमूद दुर्री का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा पिछले 5 सालों में झूठ की खेती करके आवाम को झूठ का झूला झूलवा रही हैं। 10 लाख रू. का सूट पहनने वाला व्यक्ति अडाणी अम्बानी का चौकीदार हो सकता हैं अगर इनमें मानवता हैं और सिद्धांत हैं तो सेना के पराक्रम को हटाकर गोरखपुर के नैनिहाल बच्चे जो दवा के ऑक्सीजन के अभाव में बेमौत मर गये हैं उस हकीकत पे वोट मांगते तो ठीक होता दो दिन चुनाव में बचे हैं आप अपने घरों से निकलकर गठबन्धन का मुखौटा आवाम के सामने उतारकर तथा भाजपा की मानसिकता को आवाम से रूबरू कराकर ऐसा माहौल बना दें कि गठबन्धन और भाजपा के नापाक मंसूबे ध्वस्त हो जायें और यह तभी सम्भव हैं जब आपका वोट बंटने न पाये आपका वोट कटने न पाये और सारा का सारा वोट कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में पड़े तभी क्षेत्र का विकास होगा तनुज पुनिया के विकास की गारण्टी मैं इमरान प्रतापगढ़ी और आपके विकास पुरूष कर्मयागी सांसद डॉ.पी.एल.पुनिया होंगे। स्थानीय समाजसेवी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले चौधरी फैज महमूद दुर्री ने कहा कि देश का भविष्य कांग्रेस पार्टी के हाथों में और लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी का भविष्य कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के हाथों में सुरक्षित हैं। मैं अपने को भाग्यशाली समझता हूॅ कि आज हमने जिस महान शख्स के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के 15 साल की भाजपा सरकार को अपनी रणनीति से 15 सीटों पर समेट कर कांग्रेस पार्टी के वादे निभाने में अपनी अहम भूमिका निभायी हैं। मुझे याद हैं कि 2007 में पुनिया जी ने इसी मुकददस धरती से अपनी राजनैतिक पारी की शुरूआत की थी और आजादी के बाद यही एक ऐसे शख्स थे जिन्हें लोकसभा क्षेत्र की आवाम की पीड़ा का एहसास था, अपने लोकसभा के कार्यकाल में देवा बाराबंकी मार्ग पर ओवरब्रिज रामनगर विधानसभा क्षेत्र में घाघरा नदी पर 54 किमी का तटबन्ध, 4 हजार गांवो में विद्युतीकरण, इण्टर कालेज, दिव्यांगो का उपकरण वितरण, धार्मिक स्थलों पर सौर्य ऊर्जा ऐसी सौगाते पुनिया जी ने आवाम को दी हैं कि आवाम ने उन्हें अपना मसीहा मानती हैं क्योंकि उन्होंने लोकसभ की तस्वीर बदल दी हैं, आवाम को पक्का यकीं हैं कि पुनिया जी विकास की गारण्टी हैं, आज उनकी सरपरस्ती में अगर हमें कांग्रेस पार्टी की सेवा करने का मौका मिला हैं तो मैं और मेरे हजारों समर्थक अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं, आज से मेरा और मेरे समर्थको का एक मकसद हैं कि सम्पूर्ण ऊर्जा के साथ मतदाता के दरवाजे पर पहुंचकर क्षेत्र के विकास के लिये कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया का वोट मांगकर उनकी ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करायें। राज्यसभा सांसद डॉ.पी.एल.पुनिया ने समाजसेवी चौधरी फैज महमूद तथा उनके हजारों समर्थकों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि चौधरी साहब सिर्फ विधानसभा कुर्सी ही नही सम्पूर्ण जनपद के सर्वमान्य जनसेवक हैं जिन्होंने हमेशा गरीब मजलूम के लिये संघर्ष किया हैं और जनपद की आवाम के दिलों में अपना एक अलग मुकाम बनाया हैं। मुझे यकीं हैं कि इनकी अगुवाई में कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कांग्रेस पार्टी में चौधरी फैज का स्वागत करते हुए हर संघर्ष में साथ निभाने का वादा करते हुए जनसभा में मौजूद जैनसैलाब से कांग्रेस के पक्ष में 6 मई को भारी संख्या में मतदान कर जीत दर्ज करवाने का अनुरोध किया, उक्त अवसर पर ज्ञानेश शुक्ला, इरफान अंसारी, मो. शफी आजाद, दशरथ सिंह, आमिर किदवई, भानु सिंह, मंगल सिंह, मंगल जायसवाल सहित हजारों की संख्या में चौधरी फैज के समर्थक मौजूद थें।

देश की आवाम को चौकीदार नही प्रधानमंत्री की जरूरत हैं जिसको नौजवान किसान की पीडा का एहसास हो : हार्दिक पटेल

बाराबंकी। देश की आवाम को चौकीदार नही प्रधानमंत्री की जरूरत हैं जिसको नौजवान किसान की पीडा का एहसास हो किसानों के घरों और खेतों में चौकीदार नही हुआ करते जब देश का नौजवान किसान खुशहाल होगा चौकीदार रख लेगा, लेकिन आज देश को ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत हैं जो देश के लोकतंत्र संविधान की रक्षा के साथ साथ 50 करोड से अधिक नौजवान तथा देश के किसानों को मजबूत, सुखी समृद्धिशाली बना सकें कांग्रेस पार्टी का यही लक्ष्य हैं। भाजपा और उनकी सरकार जब भगवान राम की नही हुई तो देश की आवाम की क्या होगी। उक्त उद्गार कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक पाटीदार नेता हार्दिक पटेल ने आज 53 बाराबंकी (सु.) लोकसभा की नगर पंचायत सिद्धौर तथा विकास खण्ड रामनगर के ग्राम त्रिलोकपुर के बीपी शुक्ला इण्टर कालेज के मैदान में तनुज पुनिया के समर्थन मे आयोजित जनसभा में व्यक्त किये। सिद्धौर की सभा की अध्यक्षता विकास खण्ड अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद वर्मा तथा त्रिलोकपुर की सभी की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष अमरनाथ मिरा तथा संचालन सेवादल के मुख्य संगठक कमल भल्ला ने किया। जनसभा में अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन नदीम जावेद भी मौजूद थें। पाटीदार नेता ने कहा कि बाराबंकी सरजमी पर किसान पिपरमिण्ट की खेती कर रहा हैं लेकिन उसे तेल के सही दाम नही मिल रहे हैं, 2014 में गुजरात मॉडल के चक्कर में आवाम ने मोदी को वोट देकर इनकी सरकार बना दी थी लेकिन 5 सालों में आवाम का भ्रम टूट गया, गुजरात मॉडल की हकीकत हैं कि आज भी वहां के किसान के बेटे की अच्छी शिक्षा नही मिल रही हैं, नौजवान रोजगार के लिये सड़को पर भटक रहा हैं। भाजपा नही चाहती हैं कि इस देश का अन्नदाता खुश रहे इसीलिये भाजपा ने आवारा पशुओं को किसान की फसल नष्ट करने खाने की खुली छूट दे रखी हैं, कहा गयी इनकी गौशाला कोई बताने वाला नही हैं। श्री पटेल ने कहा कि इस देश में 5 सालों से तथा प्रदेश में 2 सालों से भाजपा की सरकार हैं लेकिन देश के पी.एम. और सी.एम. इस लोकसभा में चुनाव में एक भी अपने द्वारा कराये गये आवाम किसान, नौजवान के लिये कराये गये काम को लेकर मैदान में नही आये हैं। भाजपा का लक्ष्य नागपुर में बैठी आर.एस.एस. को बचाने की हैं और कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य इस देश का लोकतंत्र संविधान किसान नौजवान के सम्मान को बचाना हैं इसलिये 6 मई को ई.वी.एम. मशीन में पंजे के निशान का बटन दबाकर आपको तनुज पुनिया को जिताना होगा और राहुल गांधी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाना हैं यह अनुरोध करने मैं गुजरात से चलकर यहां आया हूॅ। अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन नदीम जावेद ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा सेना के पराक्रम तथा शहीदों के नाम पर वोट मांग रही हैं हमारे नेता राहुल गांाधी की नानी, पापा ने भी देश की एकता अखण्डता के लिये अपनी शहादत दी हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी शहादत पर राजनीति नही करती, शहादत के नाम वोट मांगना एक ऐसी गन्दी राजनीति का हिस्सा हैं जिनके लिये इस मुल्क की आवाम भाजपा को कभी माफ नही करेंगी। आप भाग्यशाली होकि आपको पी.एल. पुनिया जैसा जनसेवक मिला हैं जिसने अपनी मेहनत और राजनैतिक रणनीति के चलते छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार को 15 सीटों पर समेट दिया, आज आपकी परीक्षा की घड़ी हैं पुनिया जी के बेटे तनुज पुनिया को जिताने की जिम्मेदारी आपकी हैं। कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने पाटीदार नेता हार्दिक पटेल तथा अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन का स्वागत करते हुए जनसभा में मौजूद आवाम से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर 6 मई को पंजे के निशान को दबाने की अपील की। जनसभा को मुख्य रूप से पूर्व विधायक छोटेलाल यादव, पूर्व विधायक सरवर अली खां, राजलक्ष्मी वर्मा, कपिलदेव वर्मा, हाकिल अली बादशाह, जयन्त गौतम, ज्ञानेश शुक्ला, दुर्गा प्रसाद वर्मा, नेकचन्द्र त्रिपाठी, सरजू शर्मा, शबनम वारिस, दानिश आजम वारसी, दुर्गेश दीक्षित, आदर्श पटेल, इरफान कुरैशी, रामहरख रावत, सागर सिंह, अब्दुल रहमान लल्लू, विजयपाल गौतम, सिकन्दर अब्बास रिजवीं ने सम्बोधित किया। उक्त जनसभा के सिरौलीगुंग के निवासी पारख संघ के जिलाउपाध्यक्ष रामपाल रावत, तथा समाजवादी पार्टी छोड़कर आये अनुज वर्मा, संगम चौहान, अली अहमद, बब्लू चौहान, पिंकू चौहान, अवनीश, अमन वर्मा, ने पाटीदार नेता हार्दिक पटेल के हाथों कांग्रेस नपार्टी की सदस्यता ली तथा कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी मतों से जितवाने का संकल्प लिया।

जिला कारागार मे पाँच दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन

बाराबंकी। जिला कारागार, बाराबंकी मे ''योगा वेलनेस सेन्टर, जी0आईसी0 आडिटोरियम, बाराबंकी'' के योग प्रशिक्षक डा0 एस0पी0 पाठक, व योग सहायक कु0 आरती शुक्ला द्वारा जिला कारागार बाराबंकी मे दिनांक–30.04.2019 से प्रारम्भ पाँच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। योग शिविर मे पांचवे दिन लगभग–150 पुरूष, 25 महिला बन्दियो ने भाग लिया। कारागार के अधिकारी/कर्मचारियो द्वारा भी योगाभ्यास किया गया। बन्दियो को योग के माध्यम से निरोग व स्वस्थ रखने का उपाय बताया गया तथा विभिन्न योग आसनो को सफलता पूर्वक कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जेल अधीक्षक, आर0के0 जायसवाल ने योगा वेलनेस सेन्टर के सदस्यो की प्रशंसा व सराहना की। इस मौके पर जेलर श्री संतोष कुमार व कारागार के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

गुलजार फाउंडेशन की तरफ से धनोखर चौराहे पर मतदान जागरूकता अभियान

बाराबंकी। गुलजार फाउंडेशन की तरफ से धनोखर चौराहे पर मतदान जागरूकता अभियान का कार्यक्रम स्वीप कार्य क्रम के अन्तर्गत मतदान जागरूकता अभियान का कार्य क्रम किया गया जिसमें प्रदीप सारंग जी ने सबको बिलला लगाकर सबको वोट डालने के लिए जागरूक किया गया कार्य क्रम में शामिल जागी री जागो के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें सितारा सिद्दीक अर्जुन सिंह अध्यक्ष आशा सिंह तथा बहुत से मौजूद थे।

कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन मे उतरे कोटवा धाम के महन्त हिमांन्शू

बाराबंकी। कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन मे उतरे कोटवा धाम के महन्त हिमांन्शू सिरौलीगौसपुर । कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन मे उतरे कोटवा धाम के महन्त हिमांन्शू दास उर्फ अवी भइया कोटवा धाम अरियामऊ अमनियापुर अद्रा मदारपुर मीरापुर बरोलिया बदोसरांय धुसेडिया पीठा पुर इत्यादि गांवो मे जिलाध्यक्ष अमर नाथ मिश्रा पन्डित बेचन लाल दीक्षित अमित त्रिवेदी दुर्गेश दीक्षित आदि के साथ कर रहे हैं जन्सम्पर्क।

सेण्ट्रल एकेडमी स्कूल मे सी0बी0एस0ई0 द्वारा दसवीं कक्षा के परिणाम मे वैभवेन्द्र सिंह ने 96.6: अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया

बाराबंकी। सी0बी0एस0ई0 द्वारा दसवीं कक्षा के परिणाम घोषित किये गये। इसमें इस विद्यालय के छात्र वैभवेन्द्र सिंह ने 96.6: अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया तथा विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया। इसी विद्यालय के छात्र हिमांशू सिंह तथा अर्चित तिवारी ने 95.8:, आदित्य राज ने 95.2:, मिनी मिश्रा तथा फैजा फातिमा ने 95: तथा शुभेन्द्र गौतम, दीक्षा सिंह, मुस्कान वर्मा एवं दिव्यांशु वर्मा ने क्रमशः 94.8: तथा 94.6: अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय तथा परिवार का मान बढ़ाया। कुल 149 छात्र–छात्राओं ने कक्षा 10 की परीक्षा में प्रतिभाग किया जिसमें 90: से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या 38 रही, जबकि 60: से अधिक बच्चों ने 80: से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री शालिनी गुप्ता एवं समस्त शिक्षकों ने सभी सफल छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

गठबंधन से याद आने लगे अंबेडकर व लोहिया : अखिलेश

अयोध्या। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह सपा–बसपा गठबंधन की ताकत है कि डॉ. अंबेडकर एवं डॉ. लोहिया भी उन्हें याद आने लगे। उनका इशारा प्रधानमंत्री की मयाबाजार में पहली मई को आयोजित सभा की ओर था जिसमें उन्होंने अंबेडकर एवं लोहिया का जिक्र किया था। कहा, नेताजी ने इसकी शुरुआत कांशीराम के साथ की थी। उसी को उन्होंने आगे बढ़ाया है। अगर यही उत्साह बरकरार रहा तो नारे लगाने वाले भी उनके पास नहीं बचेंगे। अयोध्या को लेकर उन्होंने अपना विजन भी स्पष्ट किया। अयोध्या को स्मार्ट सिटी नहीं वर्ल्ड क्लास की सिटी बनाएंगे। अखिलेश गुलाबबाड़ी मैदान में सपा, बसपा एवं रालोद गठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा गांधी के कमजोर प्रत्याशी के जरिये भाजपा को हराने वाले बयान को लेकर उन्होंने कांग्रेस की तारीफ की। महाराष्ट्र में नक्सली हमले में 15 जवानों की शहादत को लेकर केंद्र सरकार की आतंकवाद से निपटने की नीति पर सवाल खड़ा किया। प्रधानमंत्री को प्रचार मंत्री बताया। कहा, इनके भारत में हिदू को मुसलमान से लड़ाया जाता है। स्वच्छता वाले शौचालयों तक पानी नहीं पहुंचा सके। 2014 के लोस चुनाव के समय भाजपा के वादे की याद जनता को दिलायी। कहा, किसानों की आमदनी दोगुनी नहीं करा सके। डीजल, पेट्रोल महंगा कर यूरिया की बोरी में पांच किलो की कटौती अलग से करा दी। करीब 25 मिनट के भाषण में सबसे ज्यादा निशाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहे। दीपोत्सव से लेकर किसानों की खेत में रखवाली तक को लेकर मुख्यमंत्री पर हमला बोला। कहा, बाबा सांड़ से किसानों की फसल नहीं बचा सके।

वह अपने साथ हेलीकाप्टर से एक योगी को भी लेकर आए थे। कहा, गोरखपुर जा रहे थे, साथ ले आए हैं। भीड़ से कहा बाबा को पहचानिए। उन्होंने कहाकि बाबा मुख्यमंत्री ने अयोध्या को धोखा दिया। दीपोत्सव कार्यक्रम में पुष्पक विमान से राम, लक्ष्मण एवं सीता मां को लाए थे। वह भी लाएंगे, आशीर्वाद दीजिए। अयोध्या में भगवान राम के लिए अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय भजन स्थल का निर्माण शुरू कराया। भाजपा ने इसे रोक दिया है। पूर्वांचल एक्सप्रेस को अयोध्या से जोड़ने, अंडरग्राउंड विद्युतीकरण के अलावा डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सरकार आने पर आइपीएल कराने का भरोसा भी दिलाया। कहा, बाबा लैपटॉप चलाना नहीं जानते तो मेधावी बच्चों को वादा करने के बाद लैपटॉप देना बंद कर दिया। ठोको मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि पड़ोसी जिले के सांसद ने विधायक को ठोको नीति के तहत जूतों से ठोक दिया। भीड़ से कहा, चौकीदार के संग ठोकीदार को भी हटाना है। पार्टी प्रत्याशी आनंदसेन को जीत दिलाने के लिए उन्होंने मित्रसेन यादव के संघर्षों को भी याद दिलाया।

सड़क हादसों में महिला सहित चार लोगों की मौत

अयोध्या। जिले में अलग–अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटनाएं रुदौली सर्किल के मवई थाना क्षेत्र में सामने आईं।

संवादसूत्र बाबाबाजार के अनुसार मवई थाना में बदलेपुर गांव के निकट गुरुवार की रात एक कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कुलदीप सिंह कार लेकर वैवाहिक समारोह का कुछ सामान लेने जा रहे थे। कार में कुलदीप, काशीराम (46) शिवकुमार (45), नीरज (18) समेत पांच लोग सवार थे। देररात कार बदलेपुर गांव के समीप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में नीरज, कुलदीप और शिवकुमार की मौत हो गई। घायल काशीराम के घर लकड़ी की शादी थी।

संवादसूत्र मवई के अनुसार गुरुवार की रात मवई थाना क्षेत्र के अमीरपुर मजरे मांजनपुर निवासी विरजाशंकर अपनी पत्नी विद्यावती (42) के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बंजारेपुर जा रहे थे। दोनों हाइवे पैदल पार कर रहे थे। पति विरजाशंकर तो सड़क पार कर गया, लेकिन पत्नी पीछे रह गई। तभी तेज रफ्तार वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। महिला को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई।

संवादसूत्र रुदौली के अनुसार सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष सरफराज नसरुलल्लाह ने बताया कि गुरुवार की रात उनके भाई परवेज नसरुलल्लाह अपनी ससुराल बसौढ़ी से रुदौली पूरे खान अपने घर वापस आ रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे परवेज गंभीर रूप से घायल हैं। संवादसूत्र भेलसर के अनुसार हाइवे पर कुढ़ासादात के पास मवेशी को बचाने के प्रयास में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक कानपुर से मसूर की दाल लेकर आसाम जा रहा था। शुक्रवार की सुबह कोतवाली रुदौली अंतर्गत कुढासादात के समीप पहुंचा कि अचानक राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशी आ गया। उसे बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में असम के धोबरी जिले के झगरापारा निवासी ट्रक चालक सफरूद्दीन व उसका सहयोगी खलासी यनूर घायल हैं। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

सैनिकों ने लिया देश की रक्षा का संकल्प

अयोध्या। डोगरा रेजिमेंटल सेंटर के स्टेडियम में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह में नवप्रशिक्षित सैनिकों ने मातृभूमि की सेवा व देश की रक्षा का संकल्प लिया। 34 सप्ताह का प्रशिक्षण ट्रेनिग पूरी करने के पश्चात 220 रंगरुट्स पास आउट हुए। परेड ग्राउंड में ब्रिगेडियर सुनील मिश्र एसएम, डीडीजी, एजी ब्रांच ने परेड की सलामी ली। सेना के जवानों की कदमों की थाप के साथ डोगरा रेजिमेंट के मिलिट्री बैंड ने मधुर धुन की छटा बिखेरते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ट्रेनिग के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को मैडल प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ रंगरूट का पुरस्कार रंगरुट गुरिदर सिंह को प्रदान किया गया। शारीरिक क्षमता में प्रथम स्थान पर रंगरूट रोहताश, शस्त्र एवं फायरिग में रंगरूट गुलशन कुमार, खेलकूद में रंगरूट गौरव सिंह, ड्रिल में रंगरूट अभिषेक, शारीरिक प्रशिक्षण में रंगरूट अभिषेक कुमार तथा रक्षा ज्ञान में रंगरूट रिशु रहे, जिन्हें को मेडल प्रदान किए गए। ब्रिगेडियर सुनील मिश्र शानदार ड्रिल व उच्चकोटि के टर्नआऊट के लिये जवानों को शाबासी दी। परेड का निरीक्षण करने के पश्चात ब्रिगेडियर सुनील मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय में देश की परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। ऐसे में देश को होनहार सैनिकों की जरूरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पास आउट हुए जवान अपनी यूनिट में हुनर का सदुपयोग करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सभी का संकल्प भारतीय सेना की सर्वोतम सैनिक परंपरा को बनाये रखना और रेजिमेंट का आदर्श वाक्य कर्तव्यमन्वात्मा अर्थात स्वंय से पूर्व कर्तव्य को अपना मार्ग दर्शन बनाने का है। कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम तालियों की गड़गडाघ्हट से बार–बार गूंजता रहा।

जिपं कर्मी के पास मिले साढ़े चार लाख से अधिक रुपये जब्त

अयोध्या। जिला पंचायत कार्यालय में तैनात राजस्व निरीक्षक ध् कार्यालय सहायक को एडीएम वित्त एवं राजस्व जीएल शुक्ल ने चार लाख 96 हजार रुपये के साथ रंगेहाथ पकड़ा है। कार्यालय के भीतर कर्मी की मेज के दराज से रुपये बरामद हुए हैं। बरामद रुपयों के संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर न मिलने पर रुपयों को ट्रेजरी में जमा करा दिया गया है। इस कार्रवाई को लेकर जिला पंचायत कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है। सीओ सिटी अरविद चौरसिया ने बताया कि रुपये कर्मी के पास कहां से आए, इसका कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल रहा है। कर्मी का कहना है कि रुपये एक ठेकेदार के हैं, जिसे एकाउंटेंट के कहने पर रखा गया है। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है। शुक्रवार की अपराह्न एडीएम वित्त एवं राजस्व को गोपनीय सूचना मिली कि जिला पंचायतकर्मी बृजेश सिंह के पास बड़ी मात्रा में रुपये हैं। सूचना पाकर सक्रिय हुई प्रशासनिक टीम अचानक जिला पंचायत कार्यालय पहुंच छापेमारी की। एडीएम ने पूरे घटनाक्रम से डीएम को अवगत करा दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर गठित स्टैटिक सर्विलांस टीम ने भी मौके पर पहुंचकर पड़ताल की।

किस काम के लिए ठेकेदार ने दिए थे इतने रुपये

अयोध्या। राजस्व निरीक्षक बृजेश सिंह की माने तो उनकी मेज की दराज से मिले चार लाख 96 रुपये एक ठेकेदार हैं, जो लेखाकार को देने थे। सवाल उठता है कि इतनी बड़ी रकम किस कार्य के लिए लेखाकार तक पहुंचानी थी। हालांकि मामले में अबतक लेखाकार का पक्ष सामने नहीं आ सका है। बृजेश का लेखाकार से कोई संपर्क नहीं हो सका है।

मामूली आंधी ने खोली पॉवर कारपोरेशन की पोल

अयोध्या। सुबह आई मामूली आंधी ने पावर कारपोरेशन की पोल खोलकर रख दी है। कारपोरेशन कर्मी आंधी के बाद ब्रेक डाउन में आई दर्शननगर उपकेंद्र की 33 केवी लाइन का फाल्ट को सात घंटे तक ढूंढ ही नहीं सके। इसका नतीजा यह हुआ कि देवकाली, नाका व कौशलपुरी उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में लोगों को पेयजल तक के संकट का सामना करना पड़ा। यही नहीं उपकेंद्रों के फोन तक स्विच ऑफ कर दिए गए और उपभोक्ताओं को सही जानकारी तक उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। सुबह छह बजे से लेकर दोपहर करीब दो बजे तक लोग हलकान रहे। गत करीब चार दिनों से बिजली आपूर्ति लगातार बाधित रही है। कभी फाल्ट तो कभी ओवरलोडिग के नाम पर बिजली आपूर्ति अघोषित कटौती की जा रही है। यही नहीं, लो–वोल्टेज की वजह से भी उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यह तब है, जब कारपोरेशन का दावा शहरी क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का है। शुक्रवार को तो पावर कारपोरेशन की लचर कार्यप्रणाली का सामना तीन उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों को करना पड़ा। इसके साथ ही बीती रात नियावां, सिविल लाइंस, अमानीगंज समेत अन्य उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों में बार–बार बिजली आपूर्ति बाधित होती रही। यही स्थित देवकाली, नाका व कौशलपुरी से जुड़े क्षेत्रों का भी रहा। इस वजह से सबसे ज्यादा समस्या उन लोगों को झेलनी पड़ी, जो जलापूर्ति के लिए निजी स्त्रोतों पर निर्भर हैं। देवकाली, नाका व कौशलपुरी उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में कई नगर निगम के बाहर हैं। इस वजह से लोग खासा हलकान रहे। इस मसले पर पावर कारपोरेशन के विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता मनोज गुप्ता का कहना है कि सुबह आई आंधी की वजह से लाइन ब्रेक डाउन में आई थी। अब फाल्ट को दूर कर दिया गया है।

ईवीएम में खराबी और धूप के बावजूद वोटरों में दिखा जबर्दस्त जोश

गोण्डा। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को गोण्डा और कैसरगंज संसदीय सीटों के लिए तय वक्त पर मतदान शुरू हुआ। हालांकि शुरुआती दौर में तरबगंज विधानसभा क्षेत्र और गौरा समेत कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम की खराबी की शिकायतें आती रहीं। इससे करीब दो दर्जन मतदान केंद्रों पर नौ बजे से मतदान शुरू हो सका। धूप और गर्मी के कारण दोपहर में मतदान प्रतिशत में गिरावट जरूर आई लेकिन मतदाताओं में जबर्दस्त जोश दिख रहा है। सोमवार दोपहर डेढ़ बजे तक गोण्डा क्षेत्र में 35 और कैसरगंज में 37 प्रतिशत मतदान की खबर है। मनकापुर और करनैलगंज के साथ मेहनौन में आठ मतदान केंद्रों पर हल्की झड़प की सूचना सामने आ रही है। करनैलगंज में देर से मतदान शुरू होने से नाराज मतदाताओं द्वारा बीएलओ को पीटे जाने की खबर है लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पांचवें चरण के लिए यहां कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री, पूर्व कृषि मंत्री राजा आनंद सिंह समेत तमाम दिग्गजों ने सुबह ही अपने अपने बूथों पर पहुंच कर मतदान किया। गोंडा शहर में जीजीआईसी और बड़गांव मतदान केंद्रों पर भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम डॉ नीतिन बंसल ने बताया कि अभी तक कहीं से कोई बड़ी अप्रिय घटना प्रकाश में नहीं आई है।

मॉर्निंग वॉक, योग और व्यायाम से पहले लोगों ने किया मतदान

गोण्डा। सोमवार को शहर की सड़कों पर लोगबाग मॉर्निंग वॉक के लिए नहीं बल्कि पोलिंग बूथ की ओर बढ़ते नजर आए। क्या नौजवान और क्या बुजुर्ग। गांधीपार्क, नेहरू स्टेडियम, रेलवे स्टेडियम और जिमखानों में रोजाना स्वास्थ्य लाभ लेने जाने वालों की संख्या रोज की अपेक्षा काफी कम नजर आई। जैसे लोगों ने सबसे पहले वोट पर ही चोट करने का मन बना रखा था। सुबह सात बजने के बाद से ही बूथों पर चहल पहल बढ़ती गई। सभी लोग धूप का असर बढ़ने के पहले ही इस महत्वपूर्ण कार्य को निपटा डालने की जल्दी में थे। लोकसभा चुनावों में युवाओं का जोश यहां देखते बन रहा था। सुबह सात बजते ही बूथों पर वोट डालने आए लोगों में अधिकांश युवा वोटर ही नजर आए। राजकीय बालिका इंटर कालेज, टॉमसन इंटर कॉलेज, गांधी रेलवे इंटर कॉलेज समेत कई बड़े मतदान केंद्रों में वोट करने के लिए सुबह सात से आठ बजे के बीच लगी लाइनों में अधिकांश संख्या युवाओं की ही रही। रोहित की शादी अभी पिछले साल ही हुई थी। इस महापर्व में उसकी बीवी शरीक होने से रह न जाए इसके लिए उसने काफी मशक्कत कर रखी थी। राजा मोहल्ला के पोलिंग बूथ पर अपनी सास के साथ वोट करने आईं शिक्षिका पूजा ने बताया कि बच्चों के नाश्ते इंतजाम शाम को ही कर लिया था ताकि सबसे पहले वोट देने की फुरसत निकल आए। पहली बार वोटर बनीं ऋचा, पल्लवी, रौनक, विपिन, अनय, ओस, विवान, कार्तिकेय, आरोही, रहमान, रुखसाना सरीखे युवाओं ने लाइन लगाकर पूरे जोश के साथ इस महापर्व में अपनी आहुति डाली।

वृद्धाश्रम में जागरूकता कार्यक्रम कर मतदान की अपील

गोंडा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज राघवेन्द्र के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वृद्धा आश्रम पन्त नगर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश जयहिन्द कुमार सिंह ने महिलाओं व जनों से अपील करते हुए कहा कि वे सब आने वाले 6 मई को हर हाल में वोट डालने जाएं। महिलाओं को उनके वोट का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि उनके एक–एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है। संविधान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 ओर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 19 के तहत भारत के सभी नागरिकों को मतदान का अधिकार प्राप्त है। इसलिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। पैनल अधिवक्ता अजय कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि लोकतंत्र के महापर्व में सब लोग भागीदार बनें और अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता उमेश प्रताप सिंह, मनोज कुमार, शुक्ल, मनमोहन मिश्र, व अन्य मौजूद रहे।

नन्हे बच्चों ने बड़ों को दिया वोटिंग का संदेश

गोंडा। दिया प्ले स्कूल के बच्चों ने बड़ों को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने अभिभावकों से की अपील कि उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये सारे काम छोड़कर सबसे पहले वोट दें। बच्चों में कृष्णा, ताहा, नव्या, निस्ठा, आद्रिका, विराट ,इशानी, सुशांत ,कुंज स्वास्तिक, अग्रिमा, ऐजा, अभिजात,कनिष्क आदि ने बढ़ चढ कर हिस्सा लिया। प्रबंधक भूपेंद्र आर्य प्रिन्सिपल प्रशांत श्रीवास्तव, कोमल, जोया, स्वीटी शिखा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

घायल हिरण की पुलिस ने बचाई जान

गोंडा। शुक्रवार देर रात केशवपुर पहाड़वा गांव में मिश्रौलिया पुलिस की तत्परता से एक घायल हिरण की जान बचाई गई। एक घर में घुसे घायल हिरण को गांव के आसपास कुछ आवारा कुत्तों ने नोचकर घायल कर दिया था। कोतवाली नगर क्षेत्र के केशवपुर पहाड़वा गांव में शुक्रवार की देर रात प्रकाश नारायण सिंह के घर पर एक घायलावस्था में हिरण पहुंचने से हड़कंप मच गया। घायल हिरण को देख ग्रामवासी ने इसकी सूचना मिश्रौलिया पुलिस चौकी इंचार्ज अरविंद वर्मा को दी। जिसपर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कांस्टेबल मनोज कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पहुंच वन विभाग को सूचना देकर इलाज के लिए जिला पशु चिकित्सालय ले गए। जहां इलाज के बाद घायल हिरण को वन विभाग को सौंपा। पुलिस के इस काम की सभी सराहना करते रहे।

नजरबंद किए गए सपा के दो नेता, पुलिस बोली, नजरबंद नहीं निगरानी

गोंडा। जिले में सपा के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सदस्य अनवर शकील चौधरी और इटियाथोक ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दद्दन खान के आवास पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दोनों नेता के आवास पर इटियाथोक पुलिस ने अपना पहरा बिठा दिया है। इसे सपा नेताओं ने खुद को नजरबंद किए जाना बताया जबकि पुलिस ने कहा है कि केवल निगरानी कराई जा रही है। निगरानी की वजह पुलिस नहीं बता रही है। सपा के दोनों नेताओ की एक्टिविटी पर पुलिस ने तीन दिनों से अपनी नजरे जमा रखी हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दद्दन खान ने बताया कि गोण्डा लोकसभा से सपा–बसपा गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। विपक्षी पार्टी के लोग चुनाव को लेकर दूसरा मुद्दा मतदाताओं के बीच रख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के प्रत्याशी के इशारे पर मेरे और पूर्व प्रमुख के आवास पर इटियाथोक पुलिस ने अपना पहरा बिठा दिया है और हम लोग अपने आवासों पर कैद हैं। जिला पंचायत सदस्य अनवर शकील चौधरी ने बताया कि जबरन नजर बंद किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी विद्या सागर वर्मा से इस प्रकरण पर बात हुई तो उन्होंने साफ इंकार कर दिया और बताया सपा के नेताओं के आवास पर पुलिस का पहरा नहीं लगा है। क्षेत्र में निष्पक्ष चुनाव को लेकर उनकी हर एक्टिवटी को लेकर पुलिस की नजर है। सपा नेताओं के आवास पर पुलिस के पहरे जानकारी जब समर्थकों को मिली समर्थकों की भीड़ सपा नेता के आवास पर जुटने लगी। फिलहाल दोनों नेताओं को घर से निकलने नहीं दिया गया है।

गोण्डा में 52 और कैसरगंज में 55.12 प्रतिशत मतदान

गोण्डा। लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को पांचवें चरण के लिए हुए मतदान में गोण्डा में वोटों की बारिश पिछली बार से कम हुई है। जिला प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार गोण्डा लोकसभा क्षेत्र में 52 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि सभी विधानसभा क्षेत्रों के आंकड़ों के आने के बाद यह प्रतिशत बढ़ भी सकता है। बता दें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में गोण्डा में 53 प्रति मतदान हुआ था। वहीं कैसरगंज संसदीय सीट पर सोमवार को 55.12 प्रतिशत मतदान हुआ है जो 2014 में यहां 52 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिला प्रशासन ने बताया कि गोण्डा लोकसभा सीट पर उतरौला विधानसभा क्षेत्र में 46.25,मेहनौन में 56,गोण्डा में 52 व मनकापुर में 54 और गौरा विधानसभा क्षेत्र में 55 प्रतिशत मतदान हुआ है। कैसरगंज सीट की तरबगंज विधानसभा क्षेत्र में 55 प्रतिशत, करनैलगंज में 52,कटरा बाजार 55, पयागपुर में 53 और कैसरगंज 60 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम डॉ नीतिन बंसल ने बताया कि दो दर्जन मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराबी की शिकायतें आई, जिन्हें तत्काल दुरुस्त करा लिया गया। गौरा क्षेत्र में तीन मतदान केंद्रों पर विलम्ब से मतदान शुरू हुआ। एसपी आरपी सिंह ने बताया कि कहीं से कोई भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। सभी जगहों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ है। कमिश्नर महेंद्र कुमार और डीआईजी डा राकेश अग्रवाल दोनों संसदीय क्षेत्र का दौरा करते रहे।

मतदान कर्मी की मौत पर अस्पताल में हंगामा

गोण्डा। पोलिंग पार्टियां रवाना होते समय रविवार दोपहर अचानक एक मतदानकर्मी की हालत बिगड़ गई। आनन–फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों ने इमरजेंसी चिकित्सक डॉ. टीपी जायसवाल की पिटाई भी कर दी और हंगामा काटा। हंगामे को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डॉयट) में क्लर्क के पद पर तैनात बृजेन्द्र कुमार शुक्ला की मतदान कराने के लिए ड्यूटी लगी हुई थी। पोलिंग पार्टी के साथ वह रवाना होते इससे पहले सरदार भगत सिंह इंटर कालेज मैदान में उनकी तबियत बिगड़ गई। आनन–फानन में उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें बहुत तेज बुखार था और झटके भी आ रहे थे। कुछ देर बाद अस्पताल में ही कर्मचारी ने दम तोड़ दिया। मृतक के भतीजे अजय शुक्ला और अन्य परिजनों ने इमरजेंसी हंगामा काटा और चिकित्सक डॉ. टीपी जायसवाल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पिटाई कर दी। प्रमुख चिकित्साधीक्षक डॉ. रतन कुमार ने लापरवाही से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी चिकित्सक के साथ ही वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. समीर गुप्ता ने भी ऑन काल आकर इलाज किया लेकिन कर्मचारी को बचाया नहीं जा सका।

मतदान को देखते हुए मद्देनजर इंडो नेपाल बार्डर पर सतर्कता बढ़ी

गोण्डा। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को होने वाले मतदान को देखते हुए देवीपाटन मण्डल की संवेदनशीलता के मद्देनजर इंडो नेपाल बार्डर पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। डीआईजी डॉ. राकेश सिंह व मंडलायुक्त देवीपाटन परिक्षेत्र महेंद्र कुमार ने कहा कि मतदान के दिन आवागमन पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं रहेगा। मतदाताओं को अपने वाहन से मतदान केन्द्र तकआने जाने की छूट रहेगी। बशर्ते उन्हें अपना वाहन मतदान केन्द्र के परिधि से 200 मीटर बाहर खड़ा करना होगा। उन्होंने बताया कि राजमार्गों, जिला मार्गों तथा अन्य सड़कों पर वाहनों के सामान्य रूप से संचलन पर कोई पाबंदी नहीं है। प्रशासन द्वारा अधिग्रहण से वंचित वाहन शादी विवाह में चलाए जा सकेंगे, इनके किसी भी प्रकार के दुरुपयोग होने की आशंका पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि यद्यपि मतदान कार्मिकों को विधिवत प्रशिक्षित किया गया है, यदि मतदान के दौरान उन्हें ईवीएम के संचलन में कठिनाई महसूस होती है, तो उसके समाधान के लिए सेक्टर व जोनल आफिसर, मास्टर ट्रेनर्स व ईवीएम बनाने वाली कम्पनी के इंजीनियर दिनभर चक्रमण करते हुए उपलब्ध रहेंगे। यदि किसी शासकीय अधिकारी अथवा कर्मचारी की किसी प्रत्याशी के पक्ष में संलिप्तता का मामला प्रकाश में आएगा, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा समर्थकों ने की बसपा जिला प्रभारी की पिटाई

गोण्डा। लोकसभा चुनाव के दौरान शनिवार रात नवाबगंज के तुलसीपुर मांझा पूरब पट्टी में संदिग्ध परिस्थितियों में बसपा के वरिष्ठ नेता की पिटाई की गई। उन्हें घायल हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बसपा का आरोप है कि भाजपा समर्थकों ने बस्ता बांटने के दौरान पिटाई कर दी जबकि वादी भारत गौतम ने पैसे बांटने के आरोप में बसपा नेता रामनाथ भारती और कांशीराम के खिलाफ केस दर्ज कराया है। नवाबगंज पुलिस के अनुसार वादी भारत गौतम की तहरीर पर केस दर्ज कर मुचलके पर रिहा कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार बसपा जिला प्रभारी रामनाथ भारती की भाजपा समर्थकों ने पिटाई कर दी। दबंगों की मार से बसपा प्रभारी बेहोश हो गए अचेतावस्था में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि उन्हें वहीं पास में ही खड़ी एक बोलेरो में लादकर अगवा करने की कोशिश भी की गई थी। बसपा प्रभारी के परिजनों ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों पर भी इलाज में लापरवाही करने के आरोप लगाये हैं। पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष हरीश चंद्र गौतम, आशुतोष अम्बेडकर आदि बसपा नेताओं ने जिला प्रभारी के परिजनों से जिला अस्पताल में मुलाकात की और मदद का भरोसा दिलाया है। पुलिस ने बताया कि वादी ने तहरीर दी है कि बसपा के दोनों नेता प्रचार सामग्री के साथ मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे बांट रहे थे। जिन्हें दौड़ा कर पकड़ा गया। हालांकि बसपा नेता इतनी बुरी तरह से घायल कैसे हुए इसका जवाब पुलिस नहीं दे पा रही है।

स्मृति मंधाना और गेंदबाजों ने सुपरनोवाज को दी 2 रन से मात

जयपुर। कप्तान स्मृति मंधाना के बड़े अर्धशतक के बाद सोफी एक्लेस्टोन और राजेश्वरी गायकवाड़ की उम्दा गेंदबाजी से ट्रेलब्लेजर्स ने महिला टी20 चौलेंज के रोमांचक लीग मैच में सोमवार को सुपरनोवाज को दो रन से हराया। सलामी बल्लेबाजस्मृति ने 67 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 90 रन की पारी खेलने के अलावा हरलीन देओल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 119 रन जोड़े जिससे ट्रेलब्लेजर्स ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए पांच विकेट पर 140 रन बनाए। इसके जवाब में सुपरनोवाज की टीम एकलेस्टोन (11 रन पर दो विकेट) और राजेश्वरी (17 रन पर दो विकेट) की फिरकी के जादू के सामने कप्तान हरमनप्रीत कौर (34 गेंद में नाबाद 46, आठ चौके) की तेजतर्रार पारी के बावजूद छह विकेट पर 138 रन की बना सकी।

सोफी डिवाइन (32), चामरी अटापट्टू (26) और जेमिमा रोड्रिग्ज (24) ने भी उम्दा पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपरनोवाज की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने दूसरे ओवर में ही प्रिया पूनिया (01) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने आज 20 बरस की हुई बायें हाथ की स्पिनर एकलेस्टोन की गेंद पर विकेटकीपर रवि कल्पना को कैच थमाया। चामरी अटापट्टू और जेमिमा ने इसके बाद पारी को संवारा। दोनों ने पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 42 रन तक पहुंचाया। जेमिमा ने झूलन गोस्वामी पर लगातार दो चौके मारे लेकिन 16 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रही जब शकीरा सेलमन की गेंद पर दीप्ति ने मिड आन पर उनका कैच टपका दिया।

चामरी अटापट्टू भी भाग्यशाली रही जब शकीरा के आठवें ओवर में 14 और 16 रन के निजी स्कोर पर स्टेफनी टेलर और डायलन हेमलता ने उनका कैच टपकाया। शकीरा के इसी ओवर में हालांकि गैरजरूरी रन लेने की कोशिश में जेमिमा रन आउट हो गईं। उन्होंने 19 गेंद में चार चौकों की मदद से 24 रन बनाए। चामरी अटापट्टू हालांकि जीवनदान का फायदा नहीं उठा सकी और बायें हाथ की स्पिनर राजेश्वरी की गेंद पर हरलीन को बाउंड्री पर आसान कैच दे बैठी। उन्होंने 34 गेंद में दो चौकों की मदद से 26 रन बनाए। राजेश्वरी के अगले ओवर में नताली स्किवर (01) स्क्वायर लेग पर एकलेस्टोन को कैच दे बैठीं जिससे टीम का स्कोर चार विकेट पर 74 रन हो गया।

सोफी डिवाइन ने इसके बाद तेजी से रन बटोरे। उन्होंने शकीरा पर लगातार दो चौके जड़ने के बाद राजेश्वरी पर छक्का भी जड़ा। सुपरनोवाज को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 46 रन की दरकार थी। हरमनप्रीत ने दीप्ति और स्टेफनी टेलर पर चौके जड़े। वह हालांकि स्टेफनी के ओवर में भाग्यशाली रहीं जब लांग आन पर उनका कैच छूट गया। इन दो ओवर में हालांकि 16 रन ही बने। सुपरनोवाज को अब अंतिम तीन ओवर में जीत के लिए 31 रन की जरूरत थी। सोफी ने दीप्ति के 18वें ओवर में छक्का जड़ा जिससे ओवर में 10 रन बने। एकलेस्टोन ने 19वें ओवर सोफी को पगबाधा किया जबकि इस ओवर में सिर्फ दो रन बने जिससे ट्रेलब्लेजर्स का पलड़ा भारी हो गया।

सुपरनोवाज को अंतिम ओवर में 19 रन की दरकार थी। झूलन की पहली पांच गेंद पर हरमनप्रीत ने चार चौके जड़े लेकिन अंतिम गेंद पर लिया ताहुहु रन आउट हो गई जिससे ट्रेलब्लेजर्स ने जीत दर्ज की। इससे पहले सुपरनोवाज की कप्तान हरमनप्रीत ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद ट्रेलब्लेजर्स की शुरुआत काफी धीमी रही। सूजी बेट्स चार गेंद में एक रन बनाने के बाद दूसरे ओवर में ही आफ स्पिनर अनुजा की गेंद पर जेमिमा रोड्रिग्ज को कैच दे बैठी। कप्तान स्मृति और हरलीन ने इसके बाद पारी को संभाला लेकिन ट्रेलब्लेजर्स की टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 25 रन ही बना सकी जिसमें सिर्फ दो बाउंड्री शामिल रही। इसमें एक चौका स्मृति ने नताली स्किवर जबकि दूसरा हरलीन ने बायें हाथ की स्पिनर राधा पर जड़ा।

स्मृति और हरलीन ने नौवें ओवर में लेग स्पिनर पूनम यादव पर एक–एक चौका जड़कर रन गति में इजाफा करने का प्रयास किया। स्मृति ने सोफी डिवाइन पर चौका और फिर एक रन के साथ 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। स्मृति ने इसके बाद मोर्चा संभालते हुए लिया ताहुहु का स्वागत दो चौकों के साथ किया और फिर नताली पर भी चौका मारा। उन्होंने सोफी पर चौके के साथ 47 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। स्मृति ने पूनम की गेंद पर पारी का पहला छक्का जड़ते हुए 16वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया और फिर नताली पर एक और छक्का मारा।

हरलीन हालांकि 19वें ओवर में सोफी की गेंद पर लांग आफ पर राधा को आसान कैच दे बैठीं। उन्होंने 44 गेंद का सामना करते हुए दो चौके मारे। पारी के अंतिम ओवर में स्मृति ने भी राधा की गेंद पर लांग आन पर चामरी अटापट्टू को कैच थमा दिया। राधा ने अगली गेंद पर दीप्ति शर्मा (00) को भी बोल्ड किया। राधा सबसे सफल गेंदबाज रही जिन्होंने 28 रन देकर दो विकेट चटकाए। अनुजा ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 12 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

वार्नर `ओरेंज कैप´ और रबाडा `पर्पल कैप´ की दौड़ में अब भी आगे

नयी दिल्ली। डेविड वार्नर और कैगिसो रबाडा का आईपीएल 2019 का सफर भले ही लीग चरण में ही समाप्त हो गया लेकिन शुरुआती मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ये दोनों अब भी क्रमशरू 'ओरेंज कैप' और 'पर्पल कैप' के प्रबल दावेदार बने हुए हैं। वार्नर ने सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से 12 मैचों में एक शतक और आठ अर्धशतकों की मदद से 692 रन बनाये। इसके बाद वह विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में स्वदेश लौट गये लेकिन अब भी आईपीएल के एक सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज को मिलने वाली ओरेंज कैप इस आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के पास ही है।

वार्नर के अलावा केएल राहुल (593) और आंद्रे रसेल (510) ही वर्तमान सत्र में अभी तक 500 से अधिक रन बना पाये हैं, लेकिन इन दोनों की टीमें क्रमशरू किंग्स इलेवन पंजाब और कोलकाता नाइटराइडर्स लीग चरण में ही बाहर हो गयी हैं। वार्नर के लिये अभी मुंबई इंडियन्स के क्विंटन डिकाक और दिल्ली कैपिटल्स के शिखर धवन थोड़ी चुनौती बने हुए हैं। डिकाक ने 492 रन बनाये हैं और उन्हें अब अधिक से अधिक तीन मैच खेलने को मिलेंगे जिसमें 200 से अधिक रन बनाने पर ही वह ओरेंज कैप हासिल कर सकते हैं। यही स्थिति धवन की है जिनके नाम पर 486 रन दर्ज हैं। दिल्ली के कप्तान श्रेयस अय्यर (446 रन) और ऋषभ पंत (401) हर मैच में बड़ी पारियां खेलकर ही ओरेंज कैप के दावेदार बन पाएंगे।

सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज को मिलने वाली 'पर्पल कैप' अभी दिल्ली के रबाडा के पास है जिन्हें पीठ दर्द के कारण दक्षिण अफ्रीका ने ऐहतियात के तौर पर स्वदेश बुला दिया है। रबाडा ने 12 मैचों में 25 विकेट लिये हैं। उनकी पर्पल कैप के लिये सबसे बड़ा खतरा उनके हमवतन इमरान ताहिर बने हुए हैं जिन्होंने चेन्नई सुपरकिंग्स की तरफ से अब तक 21 विकेट लिये हैं। प्लेऑफ में जगह बनाने वाली चार टीमों में से हैदराबाद के खलील अहमद और मुंबई के जसप्रीत बुमराह ने 17–17, चेन्नई के दीपक चाहर ने 16 तथा हैदराबाद के राशिद खान और मुंबई के लेसिथ मलिंगा ने 15 –15 विकेट लिये हैं और असाधारण प्रदर्शन के दम पर वे पर्पल कैप हासिल कर सकते हैं।

क्रिस गेल को मिला IPL में खेलने का फायदा, बने विंडीज के उप कप्तान

जमैका। आक्रामक सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल को ब्रिटेन में 30 मई से शुरू हो रहे विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज का उप कप्तान नियुक्त किया गया है। विश्व कप में पांचवीं बार हिस्सा लेने के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की तैयारी कर रहे गेल बेहतरीन फार्म में चल रहे हैं और उन्होंने आईपीएल में 500 के करीब

रन बनाए। वह इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भी काफी अच्छी फार्म में थे जहां उन्होंने पांच मैचों की श्रृंखला में दो शतक और इतने ही अर्धशतक जड़े। सोमवार को जेसन होल्डर की अगुआई वाली टीम का उप कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद गेल ने कहा कि किसी भी प्रारूप में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से सम्मान की बात रही है और मेरे लिए यह विश्व कप विशेष है। गेल वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान हैं और उन्होंने आखिरी बार जून 2010 में टीम का नेतृत्व किया था। यह भी घोषणा की गई कि शाई होप आयरलैंड में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला में वेस्टइंडीज के उप कप्तान होंगे। श्रृंखला की तीसरी टीम बांग्लादेश है।

मैड्रिड ओपन टेनिस के तीसरे दौर में पहुंची गत चौम्पियन क्वितोवा

मैड्रिड। गत चौम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच को 6–3, 7–5 से हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। चेक गणराज्य की दूसरी वरीयता प्राप्त क्वितोवा ने म्लादेनोविच पर सीधे सेटों में यह पांचवीं जीत दर्ज की है। अन्श् मैचों में स्लोएने स्टीफेंस ने दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका को 6–4, 6–2, 6–2 से हराया। उसने दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चौम्पियन अजारेंका पर लगातार चौथी जीत दर्ज की है। नीदरलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त किकि बर्टेंस ने 2017 की फ्रेंच ओपन चौम्पियन येलेना ओस्टापोंको को 6–4, 6–3 से शिकस्त दी। पुरूष वर्ग में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव ने स्पेन के जाउमे मुनार को 6–4, 6–7, 6–3 से हराया। जर्मनी के फिलीप कोलश्रेइबर ने मिखाइल कुकुश्किन को 6–2, 7–6 से शिकस्त दी जबकि फ्रांस के टियाफो ने जार्जिया के निकोलाज बी को 6–7, 6–3, 6–4 से हराया।

बिकिनी पहन पूल में उतरीं कृति सेनन, गोवा में गर्ल्स गैंग के साथ यूं कर रही हैं मस्ती

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों फ्रेंड्स के साथ गोवा वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। वह लगातार वेकेशन की तस्वीरों को फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। हाल ही में एक बार फिर से उन्होंने गोवा से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह गर्ल्स गैंग के साथ मस्ती के मूड में दिख रही हैं। इन तस्वीरों को कृति के साथ उनकी दो क्लोज फ्रेंड्स नजर आ रही हैं। फ्रेंड्स के साथ कृति की जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिल रही है। तीनों काफी खूबसूरत और क्यूटट लग रही हैं। कृति ने इन तस्वीरों को खुद अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस तस्वीरों को फैंस काफी पसंद भी कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति की फिल्म लुका छुपी इसी साल 1 मार्च को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन नजर आए। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया। इस फिल्म में कार्तिक और कृति की एक्टिंग ने काफी तारीफे बटोरी। वहीं, अब वह जल्द पानीपत और हाउसफुल 4 में नजर आने वाली हैं।

पब्लिक प्लेस पर शर्टलेस हुए टाइगर श्रॉफ, मस्कुलर बॉडी देख लड़कियां हो जाएंगी दीवानी

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी मस्कुलर बॉडी और एक्शन भरे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। ऐसी बॉड़ी बनाने के लिए टाइगर हर दिन वर्कआउट करते हैं और 1 से 2 घंटे जिम्नास्टिक और मिक्स्ड मार्शल आर्ट को जरुर देते हैं। फैंस भी उनकी इस बॉडी को काफी पसंद करते हैं। हाल ही में टाइगर को मुंबई की सड़कों पर स्पॉट किया गया। इस दौरान की खास बात यह है कि वह सड़कों पर शर्टलेस होकर घूमते दिखाई दिए। तस्वीरों में टाइगर ट्रैक पैन्ट्स पहने नजर आ रहे हैं। इस दौरान टाइगर ने शर्ट अपने हाथों में पकड़ी है। टाइगर की ये तस्वीरें सोशल साइट पर काफी वायरल हो रही हैं। फैंस उनकी मस्कुलर बॉडी को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो टाइगर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे और तारा सुतारिया हैं। करण जौहर के बैनर तले बन रही यह फिल्म 10 मई को रिलीज होगी।

योगा क्लास के बाहर फिट दिखीं 42 की अमृता, बहन मलाइका को दे रही हैं पूरी टक्कर

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अक्सर अपने स्टाइल और फिटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं। लेकिन इस मामले में उनकी बहन अमृता अरोड़ा भी कम नहीं हैं। हाल ही में अमृता को योगा क्लास के बाहर स्पॉट किया गया। इस दौरान वह ब्लैक टीशर्ट के साथ स्किन फिट जैगिंग में बेहद हॉट और ग्लैमरस अंदाज में नजर आईं। बिना मेकअप के ब्लैक शेड्स उनके लुक को परफैक्ट बना रहे हैं। योगा क्लास से बाहर निकलते ही अमृता ने पैपराजी को स्टाइलिश अंदाज में पोज दिए। इन लेटेस्ट तस्वीरों में वो 42 की अमृता बेहद फिट और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरें देख आप भी उनके दीवाने हो जाएंगे। बता दें कि अमृता ने अपने करियर की शुरुआत 2002 में कितने दूर कितने पास से की थी। इसके बावजूद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। लेकिन 2004 में आई उनकी फिल्म 'गर्लफ्रेंड' में अमृता ने लेस्बियन का किरदार निभाकर तहलका मचा दिया था। इस फिल्म में उनके साथ ईशा कोपिक्कर भी थीं। 2009 में उन्होंने बिजनेसमैन शकील लड़क से शादी की। उनके आजान और रायान दो बेटे भी हैं, लेकिन अमृता की फिटनेस देख कोई नहीं कह सकता कि वो दो बच्चों का मां हैं। अमृता को अक्सर गर्ल गैंग के साथ बॉलीवुड पार्टीज में स्पॉट किया जाता है। अमृता और करीना बेहद करीब हैं और खास फ्रेंड्स हैं। करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा संग अमृता नाइट आउट करते दिखाई देती हैं।

अपनी लग्जरी कार के साथ कैटरीना ने दिया पोज, करोड़ों में है कीमत

बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म भारत को लेकर सुर्खियों में है। मगर एक बार कैटरीना फिर सुर्खियों में आ गई है, लेकिन इस बार फिल्म के लेकर नहीं वह अपनी एक तस्वीर को लेकर चर्चा में है। दरअसल, हाल ही में कैटरीना ने अपने इंस्टा पर एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह अपनी गाड़ी रेंज रोवर के साथ खड़ी हो पोज दे रही है। साथ ही फोटो में कैटरीना रेड कलर की शॉर्ट ड्रेस के साथ डेनिम की जैकेट पहने नजर आ रही हैं। वहीं फोटो शेयर करते हुए लिखा कि थैंक्यू मोदी मोटर्स जैगुआर लैंड रोवर वर्ली इस शानदार अनुभाव के लिएश्।

कहा जा रहा है कि कैटरीना ने ये कार नई खरीदी है। हालांकि इस बात की पुष्टि अभी हुई नहीं है। क्योंकि सेम कंपनी की कार सलमान ने भी कैटरीना को गिफ्ट दी थी। वहीं कैटरीना के पास पहले से ही एक ऑडी कार है, जिसके बाद ऐसे में कुछ ही महीनों में उन्होंने एक बार फिर रेंज रोवर कार खरीद ली। इसके साथ ही मिल रही जानकारी के मुताबिक कैटरीना कैफ की इस कार की कीमत लाखों में बताई जा रही है। भारत में इस कार की कीमत 1.82 – 4.05 करोड़ है। साथ ही बताया जाता है कि कैटरीना ने जो कार खरीदी है वो रेंज रोवर की सबसे टॉप मॉडल है।

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक कपिल देव शुक्ला द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं0:25 लोलेपुर सुलतानपुर उ0.प्र0. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट,पो0 व थाना कूरेभार, जिला-सुलतानपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित सम्पादक : **कपिल देव शुक्ला**, मो0 9415739288, 9721748962 सह संपादक : **अंकित ''राधे''**
E-mail: kdshukla.79@gmail.com, वेबसाईट : www.kdnewslive.in समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।